

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
Ist ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

5 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 5 सितंबर का इतिहास

- **2008 :** रतन टाटा के नेतृत्व में सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भेंट की।
- **1839 :** चीन में पहला अफीम युद्ध शुरू हुआ।
- **2011 :** भारतीय बैंक संघ और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा तैयार एटीएम के जरिए चेक निर्गम करने की तकनीकी प्रणाली को अंतिम रूप दिया।
- **1888 :** भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ

## 5 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- यूजीसी छात्रों की शिकायतों के समाधान के लिए ई-समाधान पोर्टल लॉन्च करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने स्टूडेंट्स की हर समस्या के जल्द समाधान के मकसद से सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया है। यह पोर्टल है, जिसे 'इ-समाधान' नाम दिया गया है। सभी तरह के पुराने पोर्टल और हेल्पलाइन को मर्ज करके ई-समाधान बनाया गया है। इस पोर्टल के जरिए स्टूडेंट्स दाखिले से लेकर स्कॉलरशिप तक, हर तरह की समस्याओं की शिकायत कर सकेंगे।
- हवा से पानी उत्पन्न करने की तकनीक के द्वारा अब मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन के छह रेलवे स्टेशनों पर पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस तकनीक को संयुक्त राष्ट्र की और से मान्यता प्राप्त है। मेघदूत एक वायुमंडलीय जल जनरेटर उपकरण है जो जल वाष्प को ताजे और स्वच्छ पेयजल में बदलने के लिए नवीन तकनीक का उपयोग करता है।
- पुलाप्रे बालकृष्णन की नई किताब 'इंडियाज इकोनॉमी फ्रॉम नेहरू टू मोदीः ए ब्रीफ हिस्ट्री' सितंबर 2022 में रिलीज होगी। इसे परमानेंट ब्लैक द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। इस पुस्तक के अनुसार नेहरूवादी काल के दौरान वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 4% थी। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 1.9% थी। पुस्तक में 1947 के बाद भारत और चीन की प्रगति की तुलना की गई है।
- भारतीय स्प्रिंटर अमलान बोरगोहेन ने उत्तरप्रदेश के रायबरेली में आयोजित इंटर-रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरूषों की 100 मीटर रेस में 10.25 सेकेंड के समय के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। अमलान बोरगोहेन ने 2016 में अमिय कुमार मलिक द्वारा बनाए गए 10.26 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को 0.01 सेकेंड से बेहतर किया है।
- इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने साइबर सुरक्षा अभ्यास सिनर्जी का संचालन किया। यह आयोजन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के तहत किया गया। यह अभ्यास सिंगापुर की साइबर सुरक्षा एजेंसी के सहयोग से 13 देशों के लिए किया गया।
- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी में 13.5% की वृद्धि हुई।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुजरात के हजीरा में भारत का पहला और दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन फाइबर प्लांट बनाने की घोषणा की है। एक्रिलोनिट्राइल फीडस्टॉक पर आधारित संयंत्रों की क्षमता 20,000 एमटीपीए होगी। कुल मिलाकर, ऑयल टू केमिकल सेगमेंट में अंबानी ने मोजूदा और नई मूल्य श्रृंखलाओं में क्षमताओं का विस्तार करने के लिए अगले पांच वर्षो में 75,000 करोड़ रूपये के निवेश की घोषणा की। ये मूल्य श्रृंखलाएं हैं-पॉलिएस्टर मूल्य श्रृंखला, विनाइल श्रृंखला और नई सामग्री। संयंत्र का पहला चरण 2025 में पूरा हो जाएगा।
- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में देश का पहला वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया। केजरीवाल ने लॉन्च करते हुए कहा कि हमने हैप्पीनेस क्लासेस, देशभक्ति पाठ्यक्रम और कई विशेष स्कूल शुरू किए, साथ ही हम ट्रैफिक लाइट पर भीख मांगने वाले बच्चों के लिए आवासीय स्कूल बना रहे हैं। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। आर्मी प्रिपरेटरी स्कूल शुरू किया गया है।
- जम्मू-कश्मीर पुलिस ने नागरिक केंद्रित सेवाओं के लिए एक ऐप लॉन्च किया है। पुलिस ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे आपातकालीन सेवाओं को आसानी से प्राप्त करने के लिए यह ऐप अपने मोबाइल फोन में रखें। इसे डाउनलोड करना बड़ा ही आसान है। इसके लिए गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर से जेकेकॉप नामक ऐप डाउनलोड कर सकते है।
- नागेश सिंह थाईलैंड में भारत के राजदूत नियुक्त किये गए। विदेश मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी नागेश सिंह को भारत ने थाईलैंड में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव नागेश सिंह को थाईलैंड में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। नागेश सिंह इससे पहले विदेश मंत्रालय में चीफ ऑफ प्रोटोकॉल रह चुके हैं। वह उपराष्ट्रपति के ओएसडी भी रहें है।
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड ने आधार वेंचर्स इंडिया लिमिटेड ओर इसके निदेशकों पर इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लघंन करने व लिस्टिंग कंडिशन्स का पालन नहीं करने पर 25 लाख रूपये का जुर्माना लगाया है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज ®

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय शिक्षक दिवस (Teacher's Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 4 सितंबर (B) 5 सितंबर
(C) 6 सितंबर (D) 9 सितंबर

**(B)** देश के पहले उप-राष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जिन्मदिन के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को ब्रिटिश भारत की तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में हुआ था। इस दिन स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षक दिवस मनाया जाता है।




**2. रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े 'कार्बन फाइबर संयंत्र' को कहां स्थापित करेगी ?**

(A) हजीरा (गुजरात) (B) कोंडागांव (छत्तीसगढ़)
(C) कृष्णागिरी (तमिलनाडु) (D) जामताड़ा (झारखंड)

**(A)** रिलायंस इंडस्ट्रीज कार्बन फाइबर संयंत्र के जरिये मॉड्यूलर टॉयलेट, घर और पवन-चक्की के ब्लेड समेत कम दाम और बड़ी मांग वाले उत्पादों का उत्पादन करेगी, इसकी क्षमता 20,000 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगी। कार्बन फाइबर के ग्रेफाइट फाइबर के नाम से भी जाना जाता हैं।




**3. भारतीय वायु सेना स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की अपनी पहली इकाई औपचारिक रूप से कहां स्थापित करेगी ?**

(A) कोहिमा, नागालैंड (B) जोधुपर, राजस्थान
(C) कोच्चि, केरल (D) श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर

**(B)** भारतीय वायुसेना देश की पश्चिमी बॉर्डर के पास जोधपुर एयरबेस में स्वदेशी अटैक हेलिकॉप्टर्स का स्क्वॉड्रन बनाने जा रहा है। इस यूनिट की तैनाती से सीमा की निगरानी करना आसान हो जाएगा। और घुसपैठ तथा आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाना सरल होगा।



**4. अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए निर्धारित स्पेस क्रु-5 मिशन 2022 के साथ अंतरिक्ष में जाने वाली अमेरिका मूल की पहली महिला कौन बनेगी ?**

(A) कमला हैरिस (B) मेलानिया ट्रम्प
(C) मेडेलीन अलब्राइट (D) निकोल मान

**(D)** साल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए निर्धारित स्पेस क्रु-5 मिशन की मिशन कमांडर मरीन पायलट निकोल मान होंगी और वह इसके साथ अमेरिकी मूल की पहली महिला होगी जो अंतरिक्ष में जाएगी। स्पेस क्रु-5 मिशन नासा और स्पेस एक्स फाल्कन 9 रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजा जाएगा।



**5. द टाइम्स ग्रुप प्रस्तुत 67वें फिल्मफेयर पुरस्कार 2021 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब किसने जीता है ?**

(A) रणवीर सिंह (B) आमिर खान
(C) पंकज त्रिपाठी (D) अक्षय कुमार

**(A)** फिल्म 83 में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका निभाने वाले बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने द टाइम्स ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 67वें फिल्मफेयर पुरस्कार 2021 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब जीता है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य

6. **हवा में जल वाष्प को पीने योग्य पानी में बदलने के लिए भारतीय मध्यप्रदेश रेलवे ने मेघदूत नामक मशीनें कहां स्थापित की है ?**
(A) रांची (झारखंड) (B) मुंबई (महाराष्ट्र)
(C) चेन्नई (तमिलनाडु) (D) भोपाल (मध्यप्रदेश)
**(B)** हवा से पानी निकालने की मेघदूत नाम की तकनीक को मैत्री एक्वाटेक ने मेक इन इंडिया के तहत विकसित किया है। इस मशीन का पूरा नाम मेघदूत ऑटमोसफेरिक वाटर जेनरेटर है। भारतीय मध्य प्रदेश रेलवे ने मुंबई में 6 स्टेशनों पर 17 कियोस्क लगाए गए है। इनमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल रेलवे स्टेशन और दादर रेलवे स्टेशन में पांच-पांच, ठाणे रेलवे स्टेशन में चार ओर कुर्ला रेलवे स्टेशन, घाटकोपर रेलवे स्टेशन और विक्रोली रेलवे स्टेशन में एक-एक मशीन लगाई गई है।





7. **हाल ही में पेट्रोल और डीजल सिंचाई पम्पों को सौर ऊर्जा पम्पों में बदलने के लिए किस राज्य सरकार ने कुसुम योजना शुरू की है ?**
(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) उत्तरप्रदेश (D) पंजाब
**(A)** किसानों को सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाले सोलर पंप प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार ने कुसुम योजना शुरू की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार और राजस्थान राज्य सरकार 3 करोड़ पेट्रोल और डीजल सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा में बदलेगी। जिसके बाद जो किसान सिंचाई पम्प डीजल या पेट्रोल से चलाते हैं वो इसे सौर ऊर्जा से चला पाएंगे।




8. **हाल ही में दिल्ली पुलिस कितने साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य करने वाली पहली पुलिस बल बन गई है ?**
(A) 2 साल (B) 4 साल
(C) 6 साल (D) 10 साल
**(C)** दिल्ली पुलिस छह साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक साक्ष्य अनिवार्य करने वाली पहली पुलिस बल बन गई है। दिल्ली पुलिस के आदेश के अनुसार वैज्ञानिक और फोरेंसिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले को एक फोरेंसिक मोबाइल वैन आवंटित की जाएगी। ये फोरेंसिक मोबाइल वैन पुलिस द्वारा प्रशासित नही होगी, बल्कि एक स्वतंत्र इकाई होगी जो अदालतों के प्रति जवाबदेही होगी।



9. **न्यूक्लियर मैट्रिक्स किससे संबंधित है ?**
(A) कंप्यूटर (B) युद्ध
(C) रोबोटिक्स (D) जैव रसायन
**(D)** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों ने भ्रूण से केंद्रक को हटाए बिना फ्रूट फ्लाई के न्यूक्लियर मैट्रिक्स का अध्ययन करने का तरीका स्थापित किया है। किसी जीव की प्रत्येक कोशिका में उसके जीनोम की एक प्रति होती है। जैव रसायन में इस जीनोम को न्यूक्लियर मैट्रिक्स के रूप में जानी जाने वाली संरचना की मदद से विशेष तरीकों से पैक किया जाता है।




10. **राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार भारत में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहरों की सूची में कौनसा शहर शीर्ष स्थान पर रहा है ?**
(A) नई दिल्ली (B) बेंगलुरू
(C) हैदराबाद (D) कोलकाता
**(A)** इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,982 केस दर्ज किए गए हैं, जबकि भारत में अन्य 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल मामले 43,414 रहे है। इस रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या से होने वाली मौतें 7.2 प्रतिशत बढ़ गई है, भारत में वर्ष 2021 के दोरान कुल 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की है।

